गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हाँग काँग स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन, चीन

1 न्यू अकॅडेमिक स्ट्रक्चर की प्रस्तावना

हाँग काँग स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन(एचकेएसएआर) की सरकार ने सितंबर २००९ में न्यू अकॅडेमिक स्ट्रक्चर (एनएएस) को लागू किया है इसमें सीनियर सेकेंडरी स्तर पर तीन साल का पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय स्तर ४ साल का स्नातक कार्यक्रम शामिल है । छात्रों को केवल एक परीक्षा - हॉग कॉग डिप्लोमा सेकेंडरी एजुकेशन एग्जामिनेशन (एचकेडीएसई) देनी है जो की सेकेंडरी शिक्षा खत्म होने पर देनी होती है। पहली एचकेडीएसई सफलतापूर्वक २०१२ में शुरू की गयी है ।

2 न्यू अकॅडेमिक स्ट्रक्चर के लाभ - ग्लोबल सिटीजन एंड ग्लोबल पाथवेज

हाँग काँग में सभी छात्रों को १२ साल तक नि: शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का हक है । एनएएस छात्रों की अलग जरूरत, हितों और क्षमता के अनुरूप विविध विकल्पों के साथ एक व्यापक और संतुलित एसएस पाठ्यक्रम प्रदान करता है । छात्र के पूरे व्यक्तित्व विकास, आजीवन सीखने की क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण पर ज्यादा जोर रखा गया है। एचकेडीएसई लेने के बाद, छात्रों को कई रास्तों के माध्यम से अन्य देशों की शैक्षणिक प्रणाली के साथ बेहतर अभिव्यक्ति, उच्च शिक्षा और कार्यस्थल के उपयोग के लिए प्रवेश मिलता है (निम्नलिखित चित्र देखें)



3 सीनियर सेकेंडरी (एसएस) पाठ्यक्रम

रूपरेखा

एनएएस के तहत, एसएस पाठ्यक्रम में शामिल हैं

४ मुख्य विषय

चीनी भाषा
अंग्रेजी भाषा
गणित **
लिबरल स्टडीज

\+

२ या ३ वैकल्पिक विषय

में से चुना :
२० एसएस वैकल्पिक विषय
अप्लाइड लर्निंग सब्जेक्ट
अन्य भाषा के विषय

\+

अध्ययन से जुड़े अन्य अनुभव

नैतिक और नगरीय शिक्षा
सामुदायिक सेवा
सौंदर्य विकास
शारीरिक विकास
करियर से जुड़े अनुभव

* स्कूल विविधता को पूरा करने के लिए पाठ्यक्रम को तीन साल से अधिक समय के लिये लचीला रेंज २४०० +/- २०० घंटों के साथ २५०० सबक घंटे के आधार पर बनाया गया है ।

** गणित में अनिवार्य हिस्से के साथ दो वैकल्पिक विस्तारित मॉड्यूल्स शांमिल हैं (ऐच्छिक, छात्र अधिक से अधिक एक वैकल्पिक मॉड्यूल ले सकते हैं) मॉड्यूल १ (एम १) - कैलकुलस और स्टैटिस्टिक्स या मॉड्यूल २ (एम २) एलजीब्रा अलजेबरा और कैलकुलस

लिबरल स्टडीज

लिबरल स्टडीज एसएस पाठ्यक्रम में मुख्य विषय है। इसका लक्ष्य छात्रों के ज्ञान को विस्तृत करना है और उनकी सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है साथ ही एक बहु-अनुशासनात्मक जांच दृष्टिकोण अपनाने के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला के अध्ययन के माध्यम से उनकी बहु परिप्रेक्ष्य और महत्वपूर्ण सोच कौशल विकसित करना है।

वैकल्पिक विषय

एक व्यापक और संतुलित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिये कुल २० एसएस विषयों के तहत ८ प्रमुख शिक्षा क्षेत्रों, ६ अन्य भाषा विषयों और एप्लाइड लर्निंग (एपीएल) विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश कर रहे हैं

८ मुख्य अध्ययन क्षेत्र

चीनी भाषा शिक्षा	अंग्रेजी भाषा शिक्षा	गणित शिक्षा	व्यक्तिगत, सामाजिक और मानविक मानविकी शिक्षा	विज्ञान शिक्षा	तकनीकी शिक्षा	कला शिक्षा	शारीरिक शिक्षा

एपीएल अभ्यास, व्यापक पेशेवर और व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े सिद्धांत पर बराबर जोर देने के साथ अध्ययन प्रदान करता है । समग्र सीखने के लिए, एपीएल के साथ मुख्य विषयों, वैकल्पिक विषयों और अन्य सीखने के अनुभव का एक लचीला संयोजन सैद्धांतिक और व्यावहारिक शिक्षा के अवसर प्रदान करता है जिससे छात्रों की विविध सीखने की जरूरतों, हितों और अभिरुचि को पूरा करने में मदद होती है । छात्रों को आवेदन और अभ्यास के माध्यम से सामान्य कौशल विकसित करने और शुरुआत के कौशल स्थापित करने और अपनी जीवन-यात्रा की आकांक्षाओं और आजीवन सीखने के दिशा निर्देश के अवसर मिलते हैं । निम्नलिखित छह अध्ययन क्षेत्रों के तहत विभिन्न एपीएल पाठ्यक्रम विकसित किये जाते हैं ।

क्रियेटिव स्टडीस	मीडिया एंड कम्यूनिकेशन	बिजनेस मैनेजमेंट एंड लॉ	सर्वीसज़	अप्लाइड साइंस	इंजीनियरिंग एंड प्रोडक्शन

व्यक्तिगत एपीएल पाठ्यक्रमों को क्वालिफिकेशन रिजिस्टर में सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स के रूप में क्वालिफिकेशन फ्रेम्वर्क (क्यू एफ) स्तर ३ में पंजीकृत किया गया है। स्कूल वर्ष २०१४/१५ से, अप्लाइड लर्निंग चाइनीस (गैर चीनी भाषी छात्रों के लिए) जिसका क्यू एफ स्तर १ - ३ है विशेष रूप से गैर चीनी भाषी छात्रों के लिए चरणों में शुरू किया एक अतिरिक्त रास्ता है जिससे वे वैकल्पिक चीनी भाषा योग्यता प्राप्त कर सके।

विषय विवरण नई शैक्षिक संरचना वेब बुलेटिन (http://www.edb.gov.hk/nas/en/curriculum) पर उपलब्ध हैं ।

स्कूलों में की गयी एस वैकल्पिक विषय की पेशकश अलग-अलग स्कूलों के अनुसार और छात्रों की जरूरतों के अनुसार भिन्न हो सकती है।

अदर लर्निंग एक्सपीरियंस (ओएलई) एंड स्टूडेंट लर्निंग प्रोफाइल (एसएलपी)

बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त किये हुये सीखने के अनुभव की नींव पर आगे बढ़ते हुये ओ एल ई एसएस पाठ्यक्रम का एक आवश्यक घटक है जो पूरे व्यक्ति के विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है । स्कूल के पाठ्यक्रम के भीतर, छात्रों को एक श्रृंखला के साथ ओ एल ई की गतिविधियाँ पांच क्षेत्रों में प्रदान की जाती हैं जिनके नाम हैं नैतिक और नगरीय शिक्षा, करियर से संबंधित अनुभव, सामुदायिक सेवा, सौंदर्य विकास और शारीरिक विकास । छात्रों को ओ एल ई पर एक विशेष अनुमति याचिका को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसमें स्कूल के बाहर प्राप्त किये हुये पुरस्कार/उपलब्धियां, स्कूल में शैक्षणिक प्रदर्शन और अधिक महत्वपूर्ण बात आत्म प्रतिबिंब बाहर ले जाते हुये सीखने की अपनी कहानियों को माध्यमिक और विश्वविद्यालय शिक्षा में दाखिले के संदर्भ में साथ-साथ नियोक्ताओं को बताना है ।

४ मूल्यांकन - एचकेडीएसई

एनएएस के अंतर्गत, छात्र ए,बी और सी श्रेणी से अधिकतम आठ विषय ले सकते हैं।

श्रेणी ए : २४ सीनियर सेकेंडरी विषय (४ मुख्य विषय और २० वैकल्पिक विषय शामिल)

एचकेडीएसई स्टैंडर्ड- रेफरेन्स्ड रिपोर्टिंग(एसआरआर)सिस्टम अपनाता है। छात्रों के प्रदर्शन पाँच स्तरों के संदर्भ में सूचित किया जाएगा (स्तर १ से ५), जिसमें ५ उच्चतम है। शीर्ष स्तर के पांच अभ्यार्थियों को ५** स्तर दिया जायेगा और उसके बाद के पांच शीर्ष अभ्यार्थियों को ५* स्तर दिया जायेगा जो स्तर १ भी हासिल नहीं करते हैं उन्हें उस विशेष विषय का परिणाम नहीं दिया जायेगा। वहाँ निर्धारित वर्णनकर्ता का एक विस्तृत समूह है छात्रों के विशिष्ट प्रदर्शन का प्रत्येक स्तर वर्णन करने के लिये। कृपया अधिक जानकारी के लिए हाँग काँग एक्जामिनेशन्स एंड असेसमेंट अथॉरिटी (एचकेईएए) की वेबसाइट देखें (http://www.hkeaa.edu.hk/en/HKDSE/assessment/the_reporting_system/SRR/)

श्रेणी बी: अप्लाइड लर्निंग (एपीएल) विषय

श्रेणी बी के विषयों का मूल्यांकन (अप्लाइड लर्निंग) पाठ्यक्रम प्रदाता करते हैं। एचकेईएए द्वारा जाँच के बाद, आखिरी परिणाम एचकेडीएसई के प्रमाणपत्र पर दर्ज किया जाता है। २०१२-२०१७ के एचकेडीएसई परीक्षाओं के लिए, एपीएल के परिणाम एचकेडीएसई में "प्राप्त" और "विशेष योग्यता के साथ प्राप्त" के रूप में दर्ज किये जाते हैं । जो छात्र एपीएल पाठ्यक्रम में “प्राप्त” और “विशेष योग्यता के साथ प्राप्त” परिणाम हासिल करते हैं, उनके लिये यह माना जाता है कि उनमें स्तर २ और स्तर ३ पाने की क्षमता है या आगे के अध्ययन और / या काम के प्रयोजन के लिए क्रमश: एचकेडीएसई परीक्षा की श्रेणी में विषय ए से ऊपर हैं।
२०१८ की शुरवात से एचकेडीएसई में, एपीएल विषयों में रिपोर्टिंग छात्रों का प्रदर्शन ३ स्तरों के साथ आगे परिष्कृत होगा ।

प्राप्त	विशेष योग्यता के साथ प्राप्त (I)	विशेष योग्यता के साथ प्राप्त (II)

“विशेष योग्यता के साथ प्राप्त(I)” प्रदर्शन का स्तर ३ के साथ तुलना की जा सकती है जबकि “ विशेष योग्यता के साथ प्राप्त (II) ” की तुलना स्तर ४ या एचकेडीएसई की श्रेणी में विषय ए से ऊपर हैं। एपीएल चीनी भाषा में (गैर चीनी भाषी छात्रों के लिए) परिणामों के मौजूदा स्तर, अर्थात "प्राप्त" और "विशेष योग्यता के साथ प्राप्त" का इस्तेमाल किया जाना जारी रहेगा।

श्रेणी सी: अन्य भाषा विषय

वहाँ ६ अन्य भाषा विषय हैं अर्थात् फ्रेंच, जर्मन, हिंदी, जैपनिज, स्पैनिश और उर्दू शामिल है। इन विषयों के छात्र कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एक्जामिनेशन (सीआईई) की एडवांस सब्सिडियरी लेवल एक्जामिनेशन में बैठेंगे। ये परीक्षा एचकेईएए द्वारा प्रबंधित है। अंकन और श्रेणी निर्धारण भी सीआईई ही तय करती है। परिणाम पांच श्रेणियों (ए-ई) में आता है। इसमें ई श्रेणी सबसे कम और ए श्रेणी सबसे अधिक है। ई श्रेणी से नीचे के प्रदर्शन को प्रमाणपत्र में जगह नहीं मिलती है।

५ मान्यता

स्थानीय मान्यता

सरकार पोषित और स्व पोषित संस्थानों द्वारा कराए जाने वाले अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में चीनी और अंग्रेजी भाषा के लिए न्यूनतम प्रवेश आवश्यकता स्तर ३ है तथा गणित और लिबरल स्टडीज के लिए स्तर २ है (अर्थात् "३३२२")। व्यक्तिगत संस्थान/ विभाग /प्रोग्राम्स एक या दो वैकल्पिक विषयों और अन्य प्रवेश आवश्यकताओं के लिए आवश्यक प्राप्ति के स्तर का निर्धारण करेगें ।

गैर-चीनी भाषी छात्र जो एसएस पाठ्यक्रम ले रहें है और एचकेडीएसई के लिए बैठते है, संस्थाऐं प्रवेश की आवश्यकताओं के संतोषजनक प्रयोजन के लिए उनकी चीनी भाषा में वैकल्पिक योग्यताऐं पर विचार कर सकती है जैसे कि (जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन, द इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन और द जनरल सर्टिफिकेट ऑफ एजुकेशन के अंतर्गत) या उन छात्रों के लिए जो सामान्य चीनी भाषा आवश्यकताओं के एवज में जो निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते है: (ए) छात्र जिन्होंने प्राइमरी और सेकेंडरी शिक्षा हासिल करते वक्त छह साल से कम चीनी भाषा पढ़ी है; या (बी) छात्र जिन्होंने स्कूलों में छह साल या इससे अधिक तक चीनी भाषा पढ़ी है लेकिन जिन्हें सरल चीनी भाषा पाठ्यक्रम पढ़ाया गया है जो कि सामान्य तौर पर स्थानीय स्कूलों में अधिकतर छात्रों पर लागू नहीं है।

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमेटी से वित्त पोषित संस्थान और अधिकतर पोस्ट-सेकेंडरी संस्थान गैर-चीनी भाषी छात्रों के दाखिले के लिए एपीएल (सी) को चीनी भाषा के लिए वैकल्पिक योग्यता मानते हैं। ये माना जाता है कि ऐसे छात्रों ने न्यूनतम स्तर की आवश्यकता "प्राप्त" कर ली है।

एसोसिएट ड़िग्री या हायर डिप्लोमा प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए न्यूनतम प्रवेश आवश्यकता अंग्रेजी भाषा और चीनी भाषा के साथ एचकेडीएसई के पांच विषयों में स्तर २ जरूरी है। अधिकतम २ एपीएल विषय में "प्राप्त" लेवल को भी स्वीकार किए जाते हैं ।

अंतरराष्ट्रीय मान्यता

एचकेईएए गैर-स्थानीय और विदेशी संस्थानों द्वारा एचकेडीएसई को मान्यता दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। ऐसे संस्थानों से एसएस पाठ्यक्रम के डिजाइन और लक्ष्य पर सकारात्मक टिप्पणियां प्राप्त हुयी है। एचकेडीएसई की मान्यता की अधिक जानकारी एचकेईएए की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं (http://www.hkeaa.edu.hk/en/recognition/hkdse_recognition/)

यूसीएएस के लिए एचकेडीएसई की टैरिफ वैल्यू

सितंबर २०१७ के शुरू से, ब्रिटेन में उच्च शिक्षा संस्थानों को प्रवेश के प्रयोजन में समर्थन के लिए नये यूसीएएस टैरिफ पेश किये जाएगें । एचकेडीएसई के स्तर ३ से स्तर ५** को जीसीई ए स्तर की परीक्षा में ग्रेड ई से ए* के तुलनीय माना जाता है। सीनियर सेकेंडरी की श्रेणी ए में स्तर ५** को उच्चतम संभव ५६ अंकों से सम्मानित किया है स्तर ५** में गणित के अनिवार्य हिस्से और विस्तारित हिस्से प्रत्येक के लिए २८ अंक दिए जाते हैं, इसलिए अभ्यर्थी जो गणित के दोनों भागों को लेते हैं इतने टैरिफ अंक प्राप्त कर सकते हैं जो कि अन्य एचकेडीएसई श्रेणी ए के विषयों के साथ बराबरी पर हैं । (http://www.hkeaa.edu.hk/en/recognition/hkdse_recognition/overseas/uk/).

६ अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया

एनएएस और एचकेडीएसई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, द एजुकेशन ब्यूरो ऑफ एचकेएसएआर और एचकेईएए के ने विभिन्न देशों के उच्च शिक्षा के क्षेत्रों की यात्रा की और शिक्षा अधिकारियों से मिले और एनएएस और एचकेडीएसई के बारे में बताया लागू करने के लिए कहा। सकारात्मक टिप्पणियां प्राप्त की गयी हैं।

एक अनुकरणीय पाठ्यक्रम में सुधार

- "... उच्च-प्रदर्शन वाले सिस्टम को साधन के रूप में लेना और इसमें सुधार करते रहने की ललक [हांगकांग में पाठ्यक्रम और परीक्षा सुधार] अनुकरणीय साबित हुई है।"।
- "सरकार ने लंबी अवधि में एक सामरिक दृष्टिकोण लिया और यह सुनिश्चित किया है कि इस प्रणाली का प्रत्येक तत्व सुधारों को सुदृढ़ करने के लिये एक कार्यान्वयन उपकरण के रूप में काम करे। क्योंकि इसकी डिजाइन सुसंगत थी और इसे गहराई से परखा गया. ये काम कर गया।"

बार्बर, एम., इनली, के. एंड रिजवी, एस. २०१२ अभिनव के महासागरों : द अटलांटिक द पेसिफिक प्रशांत, वैश्विक नेतृत्वकर्ता और शिक्षा का भविष्य। लंदन: आईपीपीआर।

- "हाँग काँग सफल शिक्षा रणनीति और कार्यान्वयन का एक प्रमुख उदाहरण है।"
- " हाँग काँग की सफलता पूरे सिस्टम को लागू करने के लिए उसकी विस्तृत और सटीक दृष्टिकोण से उपजी है । इसमें रणनीति डिजाइन के साथ कार्यान्वयन की योजना को भी चलाया.... "

जेनसन, बी. २०१२ (२०१२) घटती खाई: पूर्वी एशिया में सबसे अच्छी स्कूल प्रणाली से सीख ग्रेटन इन्स्टिट्यूट

७ हाँग काँग एक क्षेत्रीय शैक्षिक हब के रूप में

हाँग काँग वह जगह है जहां पूर्व पश्चिम मिलता है। यह छात्रों को सीखने का आकर्षक माहौल प्रदान करता है जिससे वे वैश्विक दुनिया में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार होते है । । हाँग काँग को इस क्षेत्र की प्रतिभा का पोषण करने के लिए एक क्षेत्रीय शिक्षा हब बनने की आकांक्षा है । हम पढ़ने के लिए, शैक्षिक अनुसंधान का संचालन करने के लिए, और शैक्षिक आदान प्रदान की गतिविधियों में भाग लेने के लिए विदेशी छात्रों का स्वागत करते हैं।

शीर्ष के विश्वविद्यालय

हाँग काँग के विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे अच्छे विश्वविद्यालयों में हैं। कुआक्कुआरेल्ली साइमंड्स द्वारा २० डिग्री देने वाले संस्थानों में चार को २०१६ में शीर्ष १०० के भीतर स्थान मिला है, । और टाइम्स हायर एजुकेशन सप्लीमेंट द्वारा इनमें से तीन को २०१६ में शीर्ष १०० के भीतर स्थान दिया है।

विश्वस्तरीय एमबीए और ईएमबीए

हाँग काँग के विश्वविद्यालय एशिया के सबसे अच्छे बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और एक्जीक्यूटिव बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम्स की मेजबानी करते हैं । २०१५ में एक फाइनेंशियल टाइम्स सर्वेक्षण में केलॉग-एचकेयूएसटी ईएमबीए प्रोग्राम को दुनिया भर में दूसरा स्थान मिला था। २०१६ में, द हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा पेश किया गया एमबीए कार्यक्रम को दुनिया भर में चौदहवें स्थान मिला था।

८ एनएएस रिव्यू

६/२०१२ कई चरणों में एनएएस द्वारा रिव्यू

- ९/२००९ एस.४ शुरू
- २०१२ पहली एचकेडीएसई परीक्षा
- २०१६ पाठ्यक्रम के नवीकरण का काम जारी

२००९ | २०१२ | २०१३ | २०१४ | २०१५ | २०१६

- ४/२०१३ एनएएस रिव्यू पर प्रगति रिपोर्ट (अल्पावधि सिफारिशें)
- ४/२०१४ पहले बैच की मध्यावधि रिव्यू सिफारिशें
- ६/२०१५ आखिरी बैच की मध्यावधि रिव्यू सिफारिशें
- ११/२०१५ मध्यावधि रिव्यू रिपोर्ट

एनएएस रिव्यू की अधिक जानकारी के लिए कृपया एनएएस रिव्यू वेबसाइट देखें
http://www.edb.gov.hk/nas/review/en

९ उपयोगी वेबसाइटें

- **एजुकेशन ब्यूरो:** http://www.edb.gov.hk/en
- **हाँग काँग एक्जामिनेशन एंड असेसमेंट अथॉरिटी:** http://www.hkeaa.edu.hk/en/
- **न्यू एकेडमिक स्ट्रक्चर वेब बुलेटिन:** http://www.edb.gov.hk/nas/en
- **अप्लाइड लर्निंग:** http://www.edb.gov.hk/apl/en
- **अदर लर्निंग एक्सपीरियेन्सस एंड स्टूडेंट लर्निंग प्रोफाइल:**
  http://www.edb.gov.hk/cd/ole
  http://www.edb.gov.hk/cd/slp
- **ओवरसीज विजिटर्स कॉर्नर:** http://www.edb.gov.hk/nas/overseas
- **क्वालिफिकेशन्स रजिस्टर:** http://www.hkqr.gov.hk
- **एनएएस रिव्यू:** http://334.edb.hkedcity.net/EN/334_review.php

हमसे संपर्क करें
ई-मेल: nas@edb.gov.hk
टेलीफोन: 2892 6460

एजुकेशन ब्यूरो
द गवर्नमेंट ऑफ हाँग काँग स्पेशन एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन

हाँग काँग एक्ज़ामनिशन एंड असेसमेंट अथॉरटी

अक्टूबर, २०१६